गैरसैंण, शुक्रवार
22 दिसम्बर 2023
वर्ष: 14
अंक: 221 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## अनिश्चितकाल के लिए लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

### ओम बिरला बोले– 14वें सत्र में 74 फीसद हुआ कामकाज



नई दिल्ली। 17वीं लोकसभा का चौदहवां सत्र गुरुवार को संपन्न हो गया। बता दें कि चार दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई थी और 21 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विदाई भाषण में सदन के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए सदस्यों को सूचित किया कि 4 दिसंबर, 2023 को शुरू हुए सत्र के दौरान 14 बैठकें हुईं, जो लगभग 61 घंटे 50 मिनट तक चली।

उन्होंने बताया कि लोकसभा के 14वें सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 74 फीसद रही। ओम बिरला ने यह जानकारी भी दी कि सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए।

**लोकसभा से पारित कुछ अहम विधेयक:**

भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता , 2023

भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता , 2023

भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023

दूरसंचार विधेयक, 2023

**लोकसभा में कितना हुआ कामकाज?**

साल 2023–24 के लिए अनुदानों की पूरक मांगों को तथा साल 2020–21 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों को मतदान के उपरांत पारित किया गया। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान 55 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए। सत्र के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए।

## सीएम धामी ने क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर सुनी समस्याएं



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद ऊधमसिंह नगर स्थित लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में क्षेत्र की जनता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी।

मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवम संतुष्टि के आधार पर हल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को नियमित रूप से जन समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लगातार फीडबैक ले रहे हैं। जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस एवं बीडीसी की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिये गये हैं। जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारा उद्देश्य है।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | THE FERN | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY INN & SUITES | COURTYARD Marriott | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## उद्यमिता केंद्र में युवाओं को किया जाएगा जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** युवाओं में कौशल विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में उद्यमिता केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा युवाओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

केंद्र स्थापित होने से पूर्व महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्था (ईडीआईआई) की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। डा. श्रवण कुमार ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उद्यमिता केंद्र की मदद से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और राज्य के क्षेत्रीय उद्यमिता केंद्र देहरादून के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं को पंजीकरण करना होगा। प्रशिक्षण केंद्र में डा. सुनील कुमार, डा.हेमंत जोशी, डा. प्रवीण कुमार डोभाल, डा. नम्रता सिंह पंवार, ऋतु टम्टा, धनंजय त्रिपाठी, डा. भरतपाल सिंह, डा. रणजीत कुमार, अतुल बलूनी आदि सहयोग देंगे।

# सड़कों पर संचालित हो रहे गैराज, सरकारी सिस्टम ने भी फेरी निगाहें

◆नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे गैराज से आमजन को हो रही परेशानी
◆अव्यवस्थाओं के कारण हर समय बना रहता है दुर्घटनाओं का खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** शहर में अतिक्रमण के नाम पर सरकारी सिस्टम को केवल रेहड़ी-ठेली वाले ही नजर आते हैं। जबकि, मुख्य सड़कों पर नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे गैराज पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा। नतीजा, मरम्मत के लिए सड़क पर खड़े वाहनों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार सड़कों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की सड़कों पर करीब 70 से अधिक गैराज संचालित हो रहे हैं। अधिकांश गैराज राष्ट्रीय



कोटद्वार के पटेल मार्ग में सड़क पर वाहनों की मरम्मत करता मैकेनिक

राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्य मार्गों पर चल रहे हैं।

गैराज संचालक मरम्मत के लिए आने वाले भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। मैकेनिक सड़क पर ही वाहनों की मरम्मत का कार्य करते हैं। जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही पैदल चलने वालों को भी दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। सबसे बुरी स्थिति पटेल मार्ग व सिताबपुर-मानपुर मार्ग पर बनी रहती है।

### यह बनाई गई थी योजना

एक दशक पहले तत्कालीन नगर पालिका ने सड़क किनारे संचालित हो रहे गैराज को मोटर नगर स्थित खाली दुकानों में शिफ्ट करने की व्यवस्था बनाई थी। उम्मीद थी कि इस योजना से गैराज संचालकों को भी एक स्थान मिल जाएगा और यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। नगर पालिका ने लाखों की लागत से मोटर नगर में गैराज भी बनाए। लेकिन, सड़क किनारे चल रहे गैराज आज भी आमजन के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। उधर, मोटर नगर में गैराज के लिए चिह्नित दुकानें आज भी बंद पड़ी हैं।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम, हुई झड़प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** गुरुवार शाम गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम व रेहड़ी-ठेली वालों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए गोखले मार्ग पर दोबारा रेहड़ी-ठेली नहीं लगाने की चेतावनी दी।

शाम के समय नगर निगम की टीम गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम को देख रेहड़ी-ठेली वालों में अफरा-तफरी मच गई। कई सब्जी व फल विक्रेता अपना सामान लेकर गलियों में दौड़ने लगे।

इस दौरान सड़क पर नाली के बाहर दुकान लगाने को लेकर रेहड़ी-ठेली संचालक व निगम कर्मियों के बीच झड़प हो गई। रेहड़ी-ठेली वालों ने निगम कर्मी पर उनके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया। कहा कि बाजार चौकी के समीप नगर निगम के कर्मी ने एक सब्जी विक्रेता


अतिक्रमण हटाने के दौरान झड़प करते निगम कर्मी व सब्जी विक्रेता।

के साथ मारपीट की। सब्जी व फल विक्रेताओं ने नगर निगम पर उनके शोषण का आरोप लगाया। कहा कि नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली वालों को ही परेशान करते हैं। जबकि, बड़े व्यापारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही गुलदार की धमक

**कोटद्वार:** लैंसडौन छावनी के साथ ही आसपास के क्षेत्र में लगातार गुलदार की धमक बढ़ रही है। शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। लैंसडौन छावनी क्षेत्र के पठानकोट, ईवट लाइन, देवी मंदिर, डिग्गी लाइन, डबराल भवन आदि क्षेत्रों में भी विगत कई दिनों से गुलदार सक्रिय है, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले 10 दिनों से इलाकों में शाम ढलते ही दो गुलदार दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्रवासियों को गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। वहीं, विकासखंड के ग्रामसभा रामागांव के गैर आबाद उस्तन तोक में मादा गुलदार ने एक क्षतिग्रस्त घर को अपना आशियाना बना लिया है। यहां मादा गुलदार ने दो शावकों को जन्म दिया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। मादा गुलदार की सक्रियता के चलते लोग चारा पत्ती के लिए भी नहीं जा पा रहे हैं।

## कृष्ण उनियाल अध्यक्ष तो अशोक बनें वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**पौड़ी :** उत्तराखंड मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की पौड़ी शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में कृष्ण उनियाल को अध्यक्ष, अशोक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। गुरुवार को उत्तराखंड मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की पौड़ी शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए दीपक नेगी को उपाध्यक्ष, शैलेंद्र नेगी जिला महामंत्री, चंद्रकिशोर संयुक्त सचिव, धमेंद्र पाल संगठन मंत्री, मनीष रावत कोषाध्यक्ष, इमरान हुसैन सहायक कोषाध्यक्ष, अजित लिंगवाल संप्रेक्षक, अंकिता काला सांस्कृतिक सचिव चुने गए। इसके साथ ही विजय कुमार, मनवर सिंह रावत, विक्रम बिष्ट, शेखर पंवार, मोहन सिंह, किरन, चेतन, मेहरबान सिंह, रश्मि, अंजू शर्मा, निर्मला थापा को सदस्य चुना गया। चुनाव अधिकारी कुसुम तड़ियाल व सहायक चुनाव अधिकारी मनोज रावत की देखरेख में चुनाव हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया।

## कृष्ण कृपा अमृत समूहिक पाठ 23 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** श्री गीता भवन गोविंद नगर कोटद्वार में श्री कृष्ण कृपा परिवार की बैठक संपन्न हुई बैठक में महा मंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के द्वारा किए गए वैश्विक आह्वावन पर,"एक मिनट एक साथ गीता पाठ" के विषय में कार्य योजना बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया की 23 दिसंबर को श्री गीता भवन (मंदिर) में प्रातः 10 समस्त भक्त भारी संख्या में एकत्रित होकर श्री कृष्ण कृपा अमृत का सामूहिक पाठ करेंगे, तत्पश्चात ठीक ग्यारह बजे गीता के तीन श्लोकों (अध्याय 1 का पहला, अध्याय 9 का 2 वां व अंतिम अध्याय 18 का 78 वां) का एक मिनट पाठ किया जाएगा। इस दिन मोक्षदा एकादशी पर्व भी है, इसलिए सभी भक्तों द्वारा अपने-अपने पितरों की अक्षय तृप्ति के लिए श्री गीता जी का हवन किया जायेगा। अंत में श्री गीता जी का पूजन आरती एवं जलपान के साथ कार्यक्रम पूर्ण होगा। बैठक में सीमा गोयल, पूजा लड्ढा, अंजली अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग, पूनम जैन, सुधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, लक्ष्मी कर्नवाल, सोनू अग्रवाल, मधु गुप्ता, शशि शर्मा, हरीश नारंग, सुमित गोयल, संदीप गोयल, रमेश सिंघल, रिंकू गर्ग, प्रदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन राम प्रकाश शर्मा ने किया।

## नियम तोड़ने पर 10 चालकों के डीएल जब्त और 11 वाहन सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** एसएसपी के निर्देश पर पौड़ी पुलिस द्वारा 15 दिवसीय विशेष यातायात सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अभी तक पौड़ी पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग और ओवर लोडिंग करने वाले 73 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 10 वाहन चालकों के डीएल जब्त किए और 11 वाहन सीज किए है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों, यातायात प्रभारियों को यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बताया कि 15 दिसंबर से शुरू हुए 15 दिवसीय विशेष यातायात सुरक्षा अभियान के तहत अभी तक तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर 16, दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर 43 और शराब पीकर वाहन चलाने पर 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

एसएसपी ने बताया कि वाहन चालकों को चेकिंग के दौरान सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सचेत रहने, शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग न करने, तीन सवारी न बैठाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, गाड़ियों में रिफ्लेक्टर का उपयोग करने के संबंध में जागरूक करते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी है।

# वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

### धूमधाम के साथ मनाया गया आरसीडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**कोटद्वार :** शिवराजपुर स्थित आरसीडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वार्षिकोत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी डा. रणबीर सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय की सफलता के लिए प्रधानाचार्य, विद्यार्थी व अभिभावकों का निरन्तर संवाद होना आवश्यक है। विद्यालय संस्थापक डा. सुभाष चंद्र ढौंडियाल ने विद्यालय के इतिहास और उपलब्धियों पर जानकारी दी। मौके पर इस सत्र में विद्यालय से


कोटद्वार के आरसीडी पब्लिक स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

इंटरमीडिएट परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त व एनआइटी परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अभिनव थपलियाल व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। छात्र-छात्राओं ने बम-बम भोले, पंजाबी भांगड़ा, रानीखेत का नृत्य, मोबाइल एडिक्शन व बेटी बचाओ पर नाटक व बालीवुड रीमिक्स गानों पर डांस कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रघुनाथ को मिली कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिला कांग्रेस कमेटी ने रघुनाथ सिंह रावत को कल्जीखाल ब्लाक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति के बाद पौड़ी जिले की पौड़ी विधानसभा क्षेत्र के कल्जीखाल ब्लाक में रघुनाथ सिंह रावत को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# सीएम धामी ने किया उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाले 12 रैट माइनर्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तरकाशी के सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में टनल की खुदाई में अहम भूमिका निभाने वाले 12 रैट माइनर्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और सभी रैट माइनर्स को 50-50 हजार रूपये के सम्मान राशि के चेक भी प्रदान किये।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि रैट माइनर्स ने अपनी जान की परवाह किये बिना कठिन परिस्थितयों में टनल में खुदाई, सफाई और पाइप को काटने का कार्य किया। सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलता तक पहुंचाने में रैट माइनर्स का बहुत बड़ा योगदान रहा।

उन्होंने कहा कि जिस लगन और परिश्रम से हमारे रैट माइनर्स ने इस रैस्क्यू अभियान को सफल बनाने में अन्य एजेंसियों के साथ योगदान दिया, इसके लिए सभी रैट माइनर्स बधाई और आशीर्वाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा रेस्क्यू अभियान में योगदान देने वाले सभी लोगों का भी प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रैट माइनर्स ने राज्य में स्वागत और सम्मान होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुरंग में फंसे 41 लोगों की जान बचाने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ उन्हें भी अपना योगदान देने का अवसर मिला, यह उनके लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, जिलाधिकारी उत्तरकाशी अभिषेक रूहेला भी मौजूद थे।

## एक नजर

### वॉल पेंटिंग में राज्य आंदोलन के शहीदों का भी चित्रण हो

देहरादून। शहर में दीवारों पर हो रही चित्रकारी में राज्य आंदोलन के शहीदों का चित्रण की मांग भी उठने लगी है। इसे लेकर कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डीएम से मुलाकात की। उन्हें सुझाव दिया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर राज्य आंदोलन को रेखांकित किया जाना चाहिए। गुरुवार को डीएम सोनिका से पूर्व विधायक राजकुमार और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा के साथ कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात की। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को सराहते हुए सुझाव भी दिए। कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों पर की जा रही वॉल पेंटिंग में शहीदों के चित्र भी बनाए जाने चाहिए। इससे राज्य आन्दोलन के शहीदों को सम्मान मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों तक उनके बलिदान के किस्से पहुंच पाएंगे। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विभिन्न मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन को लेकर बताया गया कि बस स्टापेज चिन्हित नहीं होने की वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। जनहित को देखते हुए बसों के स्टापेज चिन्हित कर निर्धारित किये जाने चाहिए। डीएम से मुलाकात करने वालों पूर्व विधायक राजकुमार, लालचंद शर्मा के अलावा दीप बोहरा, अमित अरोड़ा, राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

विकासनगर। सहसपुर विधान सभा के ठाकुरपुर और भुड्डी में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा के तहत लगे शिविर में ईस्ट होप टाउन, अंबीवाला की जनता ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उत्तराखंड समेत भारत के कोने-कोने में पूरे जोश और उत्साह के साथ स्वागत हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि उनके संकल्प के तहत अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है। विधायक ने कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जनता को सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से पीएम स्वनिधि योजना विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, सुकन्या योजना, मुद्रा योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

# कार्यालय विवाद में कांग्रेस का कोतवाली के बाहर धरना

हरिद्वार। कांग्रेस का शहर कार्यालय खाली कराने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर महानगर कांग्रेस ने कोतवाली के बाहर धरना दिया। पुलिस के मामला दर्ज किए जाने की सूचना के बाद करीब दो घंटे चले धरने को स्थगित कर दिया गया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि यदि 48 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ता फिर धरना देने को मजबूर होंगे।

धरना स्थल से यह भी ऐलान किया गया कि कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस 28 दिसंबर को शहर कार्यालय के बाहर ही मनाएगा। सुभाष घाट के पास कांग्रेस का कार्यालय जिस भवन में था, उसे मंगलवार को कोर्ट के आदेश के बाद खाली कराया गया था।

कांग्रेसियों का आरोप है कि हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी जबरन कार्यालय को खाली कराया गया। महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी की ओर से कार्यालय में रखे सामान और नगदी लूटकर ले जाने का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज न




होने पर महानगर कांग्रेस ने नगर कोतवाली के बाहर धरने का ऐलान किया था। गुरुवार को काफी संख्या में महानगर कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेसी इस धरने में शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए हरिद्वार ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजीव चौधरी, पूर्व सेवादल प्रमुख राजेश रस्तोगी, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष विमला पांडेय, पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष संतोष चौहान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नईम अख्तर कुरैशी और जितेंद्र विद्याकुल ने कहा कि प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है। लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ता पुलिस और प्रशासन के दबाव में आने वाले नहीं हैं। कांग्रेसजन अपनी लड़ाई को अंत तक लड़ेंगे और जीत हासिल करके रहेंगे। महानगर कांग्रेस के धरना समाप्ति की घोषणा के बाद भागवानपुर विधायक ममता राकेश भी मौके पर पहुंचीं।

### मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना बन रही युवाओं के लिए वरदान

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयासों में जुटे हैं। उत्तराखंड ही नहीं अब विदेशों में भी नौकरी का मौका सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना युवाओं के लिए वरदान बन रही है। योजना के तहत 15 युवाओं ने जापान में सेवायोजन के लिए ली जाने वाली नेट-4 दक्षता परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफल युवाओं में से दो अभ्यर्थियों को जापान के चीदा प्रान्त में जॉब मिला है। उन्हें वेतन के रूप में प्रति माह 200000 येन (जापानी मुद्रा) मिलेंगे। दोनों अभ्यर्थी फरवरी में जापान जाएंगे। अन्य अभ्यर्थियों का अगले माह जनवरी में जॉब इंटरव्यू प्रस्तावित हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री की विशेष पहल पर प्रदेश में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत विदेश रोजगार प्रकोष्ठ गठित किया गया है। यह प्रकोष्ठ राज्य के युवाओं को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है। योजना के तहत 33 अभ्यर्थियों को जापानी भाषा का तीन माह प्रशिक्षण दिया गया। इनमें 15 युवाओं ने जापानी एजेंसी द्वारा ली जाने वाली नेट-4 दक्षता परीक्षा उतीर्ण कर ली है।

# जनपद सम्भल के जनता कृषक इंटर कॉलेज पंवासा के रजत जयंती वार्षिकोत्सव में शामिल हुये सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरवार को जनपद सम्भल के जनता कृषक इंटर कॉलेज पंवासा के रजत जयंती वार्षिकोत्सव में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, शिक्षा से व्यक्ति का भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित होता। व्यक्तित्व के निर्माण के लिए भी शिक्षा नितांत आवश्यक रहती है। शिक्षा और संस्कार मनुष्य के जीवन के दो कीमती उपहार है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देते है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होता है, तभी वह परिवार, समाज और देश का विकास कर सकता है। हमारी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहे, बल्कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ हमारा चारित्रिक विकास भी सुनिश्चित हो, इस दिशा में ध्यान



दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया। इसमें माता-पिता और गुरुजनों का अहम योगदान रहता है।

उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि बच्चों को सदा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाएं। उन्हें सहनशील, कर्तव्यनिष्ठ बनाएं तथा सभी से प्रेम पूर्वक आत्मीयता का व्यवहार करना सिखाएं। क्योंकि मनुष्य अपने जीवन में जो डिग्री हासिल करता है वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा मात्र है, जबकि व्यक्ति की असली डिग्री उसके संस्कार हैं, जो उसके व्यवहार में झलकते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जाता रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दें। देश के कल का भविष्य तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के ही कंधों पर है। शिक्षक किसी भी विद्यार्थी के जीवन को प्रकाश एवं उन्नति से आलोकित करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उनके मार्गदर्शन में ही छात्र साधारण से असाधारण की यात्रा करने में सफल होता है मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व गुरू रहा है और आज का नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः विश्व गुरु का स्थान प्राप्त करने के लिए पूरी शक्ति के साथ शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विकास की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को आज नई शिक्षा नीति प्राप्त हुई है। उत्तराखण्ड राज्य में इस नीति को लागू कर दिया गया है। जो हमारे लिये गौरव की बात है उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे तथा स्कूल स्तर पर युवाओं के कौशल विकास में सहायता प्राप्त होगी।

# बुजुर्गों से ही मिलते है बच्चों को अच्छे संस्कार : एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सेंट थॉमस कॉवेंट स्कूल में आयोजित क्रिसमस डे कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने मुख्य अतिथि के रूप में किया प्रतिभाग। एसएसपी ने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान हैं, हमारी धरोहर हैं। उन्हें सहेजने की जरूरत है। यदि हम परिवार में स्थायी सुख, शांति और समृद्धि चाहते हैं तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। बुजुर्ग लोग ज्यादा समझदार एवं अनुभवी होते है वह हमें जीवन जीना सिखाते है, हमें उनका आदर करना चाहिए और उनकी मदद करने के साथ-साथ देखभाल भी करनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों एवं अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों एवं साइबर अपराधों से बचाव के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि हम



सभी लोग एकल परिवार को महत्व देकर अपने आपको संयुक्त परिवार से दूर करते जा रहे है, जिससे हम अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी आदि बुजुर्गों को भुलाते जा रहे है। संयुक्त परिवार में बच्चे अनुशासन और संस्कार बुजुर्गों से ही सीखते हैं। जहां पर बच्चे अपने माता-पिता को बड़े बुजुर्गों का सम्मान और आदर करते हुए देखते हैं, तो उनके अंदर भी अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करने की भावना जागृत होती है।

बच्चे अक्सर बुजुर्गों से ही कहानियां सुना करते हैं और बुजुर्गों से ही बच्चों को अच्छे संस्कार मिलते हैं। बच्चों के अंदर मिल बांटकर खाने की भावनाओं को बुजुर्ग विकसित करते हैं। बुजुर्गों का जीवन अनुभवों से भरा पड़ा है, उन्होंने अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे हैं जितना उनके अनुभवों का लाभ मिल सके हमें लेना चाहिए। एसएसपी ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है, युवा पीढ़ी ही यदि गलत रास्ते पर चले जाये तो नुकसान केवल युवा पीढ़ी का ही नहीं होता बल्कि देश का भी नुकसान होता है। आजकल युवा पीढ़ी नशे के राह पर जा रही है। इससे न केवल उस व्यक्ति का भविष्य और जीवन खराब हो रहा है, बल्कि उसके परिवार की जिंदगी भी

## बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान और धरोहर

खराब हो जाती है। नशा वर्तमान में हमारे समाज के लिये बहुत गंभीर समस्या बन चुका है और युवा पीढ़ी आसानी से इस ओर अग्रसर हो रही है।

नशे की लत अगर किसी व्यक्ति को लग जाती है तो वह चाहकर भी नशे के दलदल से बाहर नहीं निकल पाता है उसे शारिरिक व मानसिक क्षति तो होती ही है साथ में धन की क्षति भी होती है। एसएसपी ने कहा कि आजकल देश में साइबर अपराध सबसे तेजी से बढ़ रहा है। साइबर अपराधी लगातार अपग्रेड हो रहे है लोगों को ठगने के नए-नए पैतरे अपना रहे है, लेकिन तेजी से बढ़ते इन मामलों को आपकी जरा सी सावधानी कम कर सकती है।

# राइंका सुन्दरनगर में शिक्षकों की कमी, छात्रों का भविष्य अधर में

**पौड़ी** : राज्य सरकार के जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। विद्यालय में शिक्षकों की कमी से वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अधर में लटका हुआ है। अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती नहीं होने पर बीईओ बीरोंखाल कार्यालय में आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि कई बार शिक्षा विभाग से शिक्षकों की तैनाती की मांग की गई, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है। अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने चौबट्टाखाल विधायक कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को ज्ञापन भेजा हैं।

विकासखंड बीरोंखाल में अटल उत्कृष्ट विद्यालय सुन्दरनगर में अध्यापकों की कमी बनी हुई हैं। अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने कई बार विद्यालय में रिक्त पदों को भरने की गुहार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लगाई हैं, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष महिपाल सिहं बकरोड़ी, भारत सिहं रावत आदि ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2021 में सुन्दरनगर विद्यालय को सीबीएससी की मान्यता दी थी, लेकिन तब से लेकर आज तक स्कूल में सात पदों के सापेक्ष हिन्दी, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान प्रवक्ता के पद खाली चल रहें हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सीली मल्ली, तल्ली, सुंगरिया, जमरिया, नंऊ नागणी, खैरड़, घिमडिया, थकुलसारी आदि गांवों के दो सौ पचास छात्र-छात्राएं पठन-पाठन के लिए आते हैं। उधर खण्ड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज से संपर्क करने पर बताया कि राइंका सुन्दरनगर में शिक्षकों के पदों को भरने के लिए उच्च अधिकारियों को लगातार सूचना भेजी जाती है। गढ़वाल मंडल माध्यमिक एडी एसके जोशी ने बताया कि प्रवक्ता पदों पर नियुक्ति होने पर सुन्दरनगर में शिक्षकों की कमी शीघ्र दूर की जाएगी। इसके लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे है।

# कांग्रेस को लगा झटका: ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने थामा भाजपा का दामन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ देहरादून भाजपा मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस की जन विरोधी नीति के कारण मैने आठ माह पूर्व ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता एवं पदों से त्यागपत्र दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों एवं नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जनहितों को लेकर कार्य कर रही है। ऐसे में वह भी अब पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ पार्टी की सेवा करेंगे। कल्जीखाल के कनिष्ठ प्रमुख ब्लॉक अर्जुन पटवाल ने भी कांग्रेस को अलविदा कर



देहरादून में भाजपा की सदस्यता लेते ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा

भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। द्वारीखाल ब्लॉक के प्रधान संगठन अध्यक्ष, द्वारीखाल ब्लॉक महामंत्री अर्जुन सिंह नेगी ने कांग्रेस के पदों से त्यागपत्र देकर भाजपा का दामन थामा।

विकास खण्ड द्वारीखाल कल्जीखाल के क्षेत्र पंचायत सदस्यों, प्रधान ग्राम पंचायतों एवं अन्य कांग्रेस सदस्यों ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट गढ़वाली प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी एवं बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवियों ने की गधेरों और नालों की सफाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण** : वर्तमान में संपूर्ण संसार में जलीय प्रदूषण सबसे अधिक हो रहा है। जिसके चलते देश की पौराणिक नदियां तथा उनकी सहायक नदियां दिन-प्रतिदिन दूषित हो रही है। जिससे मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो भंयकर परिणाम झेलने पड़ सकते है।

उक्त वाक्य वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय इंटर कॉलेज मासी थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल के प्रभारी प्रधानाचार्य सुरेश लाल आर्य ने एनएसएस के एक दिवसीय नमामि गंगे, स्पर्श गंगा कार्यक्रम के दौरान कही।



वहीं राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता मनोज सेमवाल ने जलीय प्रदूषण के बारे में बताते हुए कहा कि लोगों द्वारा पॉलिथीन तथा अन्य जल को दूषित करने वाली चीजों को नदी, गधेरा तथा नोलो में फेंकने से जल दूषित हो रहा है। साथ ही उसमें रहने वाले जीवों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उधर कार्यक्रम अधिकारी रोहित चौधरी ने स्वयं सेवियों को जलीय प्रदूषण की जानकारी देते हुए कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा कचरा समुद्र और नदियों में फेंका जा रहा है, जिससे दोनों के स्वरूप में दिन-प्रतिदिन परिवर्तन देखा जा रहा है। भारत सरकार द्वारा देश की पौराणिक नदियों व उनकी सहायक नदियों को स्वच्छ रखने के लिए उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे पूर्व स्वयं सेवियों द्वारा क्षेत्र के गधेरों, नोलों की सफाई करो जैविक और अजैविक कचरे को अलग कर नष्ट किया गया। इस अवसर पर एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आरती बिष्ट, प्रकाश चंद्र आदि उपस्थित थे।

## मॉडलों के माध्यम से दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**कोटद्वार** : विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में बाल वैज्ञानिकों ने अपने माडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच प्रदर्शित की।

मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपक रावत व प्रबंध संचालक रमेश कुकरेती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षार्थियों में वैज्ञानिक, सृजनात्मक एवं प्रयोगात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान मेले का आयोजन किया गया है। कहा कि विज्ञान मेले से छात्रों की वैज्ञानिक सोच सामने आती है। मेले में पच्चीस विद्यार्थियों ने चालीस से अधिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। अंत में लक्ष्मी शंकर ट्रस्ट के सचिव अजय नौटियाल और तपित एक पहल फाउंडेशन के संस्थापक संजय गुसाई ने विजेता प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किएइस अवसर पर बी.आर.सी. समन्वयक मनोज रावत, हेमलता रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र रावत, ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत, गिरीश ढौंडियाल, संजय गोसाई, अजय नौटियाल और प्रवीण कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जिले मे जनवरी से खुलेगा श्रम विभाग का नया कार्यालय

**हल्द्वानी(सं)।** श्रमिकों की समस्याओं का समय से समाधान करने के लिए श्रम विभाग एक और कार्यालय खोलने जा रहा है। आगामी जनवरी से जिले में हल्दूचौड़ में विभाग का तीसरा कार्यालय खुल जाएगा। इससे स्थानीय श्रमिकों को अपने जरूरी कामों के लिए हल्द्वानी नहीं आना पड़ेगा। श्रम विभाग असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए पंजीकृत करता है। नैनीताल जिले में 60 हजार से ज्यादा मजदूरों ने विभाग में पंजीकरण कराया है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मजदूरों को विभाग के कार्यालय में आवेदन करना होता है। जिसके लिए हल्द्वानी और रामनगर के कार्यालय में काउंटर बनाए गए हैं।

# कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया: अरविंद पांडे

**नैनीताल(सं)।** गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की छवि को विश्व के कोने–कोने में पहुंचाने का काम किया है। इससे विश्वभर में भारत की छवि वसुधैव कुटुंबकम की बनी है। बोले देश में किसी जाति का विकास नहीं गरीब का विकास जरूरी है।

गुरुवार को नगर के पर्यटक आवास गृह में विधायक अरविंद पांडे ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें इसके लिए न्याय के देवता गोल्ज्यू मन्दिर में पूजा–अर्चना की गई। बोले, मंत्री सांसद विधायक व सभी ने पांच साल ईमानदारी से काम किया है। जनता प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों से खुश हैं। कहा, क्षेत्रवाद जातिवाद भाई बन्धु वाद बिरादरी वाद भाषा वाद से ऊपर उठकर मोदी को पीएम बनाना है।

कहा नैनीताल लोकसभा सीट पर कमल का फूल प्रत्याशी व चिह्न है। कहा, कांग्रेस पार्टी ने देश व जनता को लूटा है। विपक्ष मोदी के आगे ब्रेकर लगाने का काम कर रहा है। विपक्ष ने जनता को जाति में बांटने का काम किया है। यहां मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वेती, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे, बालम सिंह मेहरा, आशुतोष चंदोला, धीरज पढालनी, जुगल मठपाल, अम्बा दत्त आर्य, नंद किशोर पांडे, मुकेश गुरुरानी, वैभव आनंद, भुवन उप्रेती, लवेंद्र कीरा, कंचन साह, सुनील कुमार, पवन भाकुनी आदि रहे।

## हाईडिल कॉलोनी का नलकूप भी ठप, दिक्कत बढ़ी

**हल्द्वानी(सं)।** शहर के नलकूप अब सर्दियों में भी दम तोड़ने लगे हैं। हर दूसरे दिन किसी न किसी इलाके का नलकूप खराब हो रहा है। इसकी वजह से शहर में जल संकट भी गहराता जा रहा है। लोगों को दिक्कतों से बचाने के लिए भले ही जल संस्थान टैंकरों से आपूर्ति कर रहा हो, फिर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। आपूर्ति सुचारू नहीं होने से लोगों में व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहर में मल्ला प्लॉट और उजाला नगर का नलकूप पिछले तीन दिन से खराब चल रहे हैं। अब हाईडिल कॉलोनी दमुवाढूंगा का ट्यूबवेल भी गुरुवार को ठप हो गया। इसके चलते दमुवाढूंगा के हाईडिल कॉलोनी इलाके में रहने वाली बड़ी आबादी को दिनभर पानी की परेशानी से जूझना पड़ा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रवि शंकर लोशाली ने बताया कि सभी नलकूपों का मरम्मत कार्य शुरू करा दिए गए हैं।

## बलिदान दिवस 24 को

**कोटद्वार** : आर्य समाज की ओर से महर्षि दयानंद के शिष्य स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस 24 दिसंबर को श्रद्धानंद स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर आर्य समाज की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे आचार्य गौतम स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर प्रकाश डालेंगे।

## शहरों में जाम से छुटकारे के लिए एलीवेटर को महत्व : गडकरी

**नयी दिल्ली , (एजेंसी)।** सरकार ने कहा है कि जाम से छुटकारे के लिए और एक शहर से दूसरे शहर की दूरी कम करने के लिए बड़े स्तर पर सडक़ों का निर्माण किया जा रहा है। सडक़ एव परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में सडक़ों के विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है और पुणे में जो ट्रैफिक की समस्या है उसका निपटान किया जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के सीकर में भी जाम से निटने के लिए ज़रुरी कदम उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा हम दिल्ली के बाजू में एनसीआर में 65 हजार करोड रुपए के काम कर रहे हैं। दिल्ली देहरादून राजमार्ग का काम पूरा हो गया है। सहारनपुर से देहरादून तक हाईवे बन रहा है और दिल्ली से अब सिर्फ दो घंटे में देहरादून और डेढ़ घंटे में हरिद्वार पहुंचा जा सकेगा।

## आंध्र की मेडिकल छात्रा की अमेरिका में मौत

**विजयवाड़ा , (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश की 22 वर्षीय एक मेडिकल छात्रा की अमेरिका में एक दुर्घटना में मौत हो गई। फिजियोथेरेपी में एमएस कर रही शैक ज़हीरा नाज़ की शिकागो में एक कार में गैस रिसाव के कारण मृत्यु हो गई, जिसमें वह यात्रा कर रही थीं। विजयवाड़ा के बाहरी इलाके प्रसादमपाडु में उनके परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, गैस रिसाव के कारण वह कार चालक के साथ बेहोश हो गईं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार की है। विजयवाड़ा के एक कॉलेज से फिजियोथेरेपी में डिग्री हासिल करने वाली जहीरा इसी साल अगस्त में एमएस के लिए अमेरिका गई थीं। परिवार ने केंद्र और राज्य सरकार से शव को घर लाने में मदद की अपील की है।

## कोई नहीं जानता कि रूस–यूक्रेन युद्ध कब खत्म होगा : जेलेंस्की

**कीव ,(एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोई नहीं जानता कि रूस का देश के खिलाफ जारी युद्ध कब खत्म होगा। जेलेंस्की ने बीती रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि इसका जवाब किसी को नहीं पता। यहां तक कि सम्मानित लोग, हमारे कमांडर और हमारे पश्चिमी साथी, जो कहते हैं कि युद्ध कई सालों तक चलेगा, वे भी नहीं जानते। इस साल युद्ध में यूक्रेन की उपलब्धियों पर टिप्पणी करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को काला सागर में बड़ी जीत हासिल हुई है। जेलेंस्की ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि रूस ने इस साल अपना कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यूक्रेन और विदेशों में, हर कोई इस बात की सराहना कर सकता है कि रूसी बेड़े को यूक्रेनी काला सागर में अपने पूर्ण प्रभुत्व से वंचित कर दिया गया था।

## संसद सुरक्षा चूक मामला : कर्नाटक से रिटायर्ड एसपी का सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संसद सुरक्षा चूक मामले में कर्नाटक के बागलकोटे शहर से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान साई कृष्णा के रूप में हुई है, जो कर्नाटक के विद्यागिरि में एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत है। जब उसे बागलकोट से हिरासत में लिया गया तो वह अपनी बहन के घर पर था। सूत्रों के अनुसार, कृष्णा और मैसूर के रहने वाले एक अन्य आरोपी मनोरंजन डी एक दूसरे को इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों से जानते थे और रूममेट भी रह चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि कृष्णा कर्नाटक पुलिस के रिटायर्ड स्क्क का बेटा है। मामले में गिरफ्तार किए गए छह आरोपी हैं ।

# अब बुरी तरह फंसेंगे फर्जी सिम से धोखाधड़ी करने वाले शातिर, 3 साल की सजा, 50 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा ने आज दूरसंचार विधेयक 2023 को विपक्ष की गैर मौजूदगी में ध्वनिमत से आज पारित कर दिया, जिसमें टेलीकॉम क्षेत्र में न सिर्फ व्यापक पैमाने पर सुधार के प्रावधान किए गए, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों और अधिकारों के सुरक्षा के साथ ही फर्जी कागजात पर सिम लेकर उससे धोखाधड़ी करने वालों पर शिकंजा कसने की व्यवस्था की गई है।

लोकसभा ने इस विधेयक को कल पारित किया था। इस तरह से आज इस पर संसद की मुहर लग गई। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में इस विधेयक पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि उपनिवेश काल के कानूनों को समाप्त कर यह नया विधेयक बनाया गया है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में यह क्षेत्र घोटालों से उबर कर उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 6.25 लाख टॉवर थे जो अभी बढक़र 25.5 लाख हो गए हैं। इसके साथ ही ब्रांडबैंड इंटरनेट ग्राहकों की संख्या भी 1.5 करोड़ से बढक़र 85 करोड़ हो गयाी है। 14



महीने से भी कम समय में देश में 5जी के 4 लाख से अधिक टॉवर लगाये गए हैं। उन्होंने कहा कि गलत कागजात देकर फर्जी सिम का उपयोग करने वालों को 3 वर्ष की सजा और 50 लाख रुपए का जुर्माने का प्रावधान किया गया है। मोबाइल फोन को क्लोन करके अपराध करने वालों पर भी कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ शिकायत निवारण की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त टॉवर लगाने के लिए सुगम व्यवस्था की गयी है। इसमें कॉमन डक्ट बनाने की बात की गयी है जिसका सभी दूरसंचार सुविधाओं के लिए उपयोग किया जा सकेगा। संचार मंत्री ने कहा कि 2 जी के समय बड़े बड़े घोटाले होते थे। आज इस विधेयक के माध्यम से स्वच्छ और शुचिता भरी व्यवस्था की गयी है। अब सिर्फ नीलामी से ही स्पेक्ट्रम का आवंटन होगा। सिर्फ 19 ऐसे क्षेत्र हैं जिनको प्रशासनिक तरीके से स्पेक्ट्रम आवंटन होगा। स्पेक्ट्रम एक ऐसा संसाधन है, जो बाकी प्राकृतिक संसाधन से अलग है। यह एक ऐसा संसाधन है जो कभी भी समाप्त नहीं होने वाला है। यह आत्मा की तरह अजर और अमर है। इसके मद्देनजर स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए प्रावधान किए गए हैं।

इसमें स्व स्वीकृत निवारण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में दूरसंचार नेटवर्क को सरकार के नियंत्रण में लेने की व्यवस्था वर्तमान में भी है और इस नए विधेयक में भी वहीं व्यवस्था की गयी है।

अमरीका और यूरोप जैसे देशों में भी भारतीय टेलीकॉम उपकरण का उपयोग हो रहा है और आठ हजार करोड़ के उपकरण निर्यात किए गए हैं। इस क्षेत्र में 40 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इस नए विधेयक में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है,

## अब आम आदमी भी प्लेन में कर सकेगा सैर, सरकार का कम दाम की हवाई सेवा पर फोकस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने कहा है कि देश में वायु सेवा को बढ़ावा देने के साथ सस्ता करने पर जोर दिया जा रहा है और अहमदाबाद जैसी नगरों से अमेरिका आदि राज्यों को सीधी हवाई सेवा से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि अहमदाबाद से अमरीका, कनाडा आदि के प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ान देने की कोशिश की जाएगी।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान पूर्वोत्तर का उदय पूर्वोत्तर किया जा रहा है। वहां के विभिन्न शहरों को हवाई यातायात से जोड़ा जा रहा है। मोदी सरकार आने के बाद पूर्वोत्तर के राज्यों में उड़ान सेवा की सुविधा को दोगुना करने का काम हुआ है। राज्य मंत्री सेवानिवृत जनरल वीके सिंह ने कहा कि एक शहर को दूसरे शहर से हवाई सेवा से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है ।

## क्रिसमस और न्यू ईयर पर ड्रोन हमले की आशंका, सुरक्षा के चलते 18 जनवरी तक धारा 144 लागू

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस ने क्रिसमस और नए साल के जश्न के माहौल के बीच ड्रोन हमले की आशंका को लेकर धारा 144 लागू कर दी जो 18 जनवरी तक लागू रहेगी। पुलिस ने कहा कि निषेधाज्ञा आदेश, जो बुधवार से लागू हो गया, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किया गया। आदेश के अनुसार आतंकवादी और राष्ट्र–विरोधी तत्व अपने हमलों में ड्रोन, पैराग्लाइडर आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं और इस तरह वीवीआईपी को निशाना बना सकते हैं और जनता को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश के बाद, शहर के ऊपर ड्रोन, रिमोट–नियंत्रित माइक्रोलाइट विमान, पैराग्लाइडर, पैरा मोटर्स, हैंड ग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाने पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

## केजरीवाल ने ईडी के समन को बताया अवैध व राजनीति से प्रेरित

नई दिल्ली , (एजेंसी)। 10 दिवसीय विपश्यना सत्र पर गए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन का जवाब देते हुए इसे अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया है।

केजरीवाल कथित उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा दूसरी बार बुलाए जाने पर भी नहीं गए।

मुख्यमंत्री 19 से 30 दिसंबर तक विपश्यना सत्र के लिए रवाना हो गए है। उन्होंने वित्तीय जांच एजेंसी को अपने जवाब में कहा कि वह सभी कानूनी रूप से वैध समन स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।

आप सूत्रों के अनुसार केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा कि पिछले समन की तरह यह समन भी अवैध है।

सूत्र ने कहा कि उन्होंने समन को राजनीति से प्रेरित करार दिया है और इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ बिताया है।

केजरीवाल ने अपने जवाब में यह भी कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

मुख्यमंत्री को ईडी ने कथित उत्पाद नीति घोटाला मामले में 21 दिसंबर को अपने मुख्यालय में पेश होने के लिए बुलाया था।

इससे पहले, केजरीवाल 2 नवंबर को ईडी के समन में शामिल नहीं हुए थे।

इस मामले में ईडी पहले ही पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।

## झारखंड : कमरे में कोयला जलाकर सोने के बाद दम घुटने से 4 की मौत, 3 गंभीर

रांची , (एजेंसी)। झारखंड के हजारीबाग में ठंड से बचने के लिए कमरे में आग जलाकर सोए चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।ये सभी लोग बिहार के बक्सर के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो हजारीबाग में रहकर किसी कंपनी के लिए सेल्स ब्वॉय के तौर पर काम करते थे।

घटना हजारीबाग शहर से सटे कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज में हुई है।

बताया गया कि बीती रात ये लोग कमरे में कोयला जलाकर सो गए। सुबह देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोस के लोगों को संदेह हुआ। दरवाजा तोडक़र लोग अंदर घुसे तो सभी लोग अचेत पाए गए।

# सांसदों के निलंबन को लेकर इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** 143 सांसदों के निलंबन के खिलाफ गुरुवार को इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला।विरोध मार्च में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े,एनसीपी प्रमुख शरद पवार,कांग्रेस सांसद शशि थरूर,एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले समेत कई बड़े नेता शामिल हुए है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा, ये प्रदर्शन सरकार के खिलाफ है। सरकार, पीएम मोदी और सदन के मुखिया नहीं चाहते कि सदन चले... हम चुने हुए सदस्य हैं और लोगों की भावनाओं को संसद में बताना सांसदों का कर्तव्य होता है जो हम कर रहे थे... सुरक्षा में उल्लंघन कैसे हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बारे में आपको सदन को बताना चाहिए... अगर आप सदन में नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे? लेकिन ये दुर्भाग्यवश है कि अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी भी वहां(सदन में) नहीं आए... वे(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) वाराणसी में बात करते हैं, अहमदाबाद में बात करते हैं, रेडियो और टीवी पर बात करते हैं लेकिन सदन में बात नहीं करते हैं।

एनसीपी प्रमुख शरद पवार का कहना है हम हमेशा संस्थाओं का सम्मान करते हैं...संसद में जो हुआ वह देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था।

150 सांसदों को सदन से बाहर करने का ऐतिहासिक काम किया गया है। जिनकी सिर्फ एक ही मांग थी कि सरकार की ओर से बयान दिया जाए कि जो लोग सदन के सदस्य नहीं थे वो सदन में कैसे आए... उन्हें पास किसने जारी किया?यह संसद का अधिकार है.

मिमिक्री विवाद पर उन्होंने कहा अगर कोई संसद के बाहर कुछ करता है तो उसे यहां तक ले जाना कि अगर कोई मेरे खिलाफ कुछ कहता है और मैं कहूं कि यह मराठों और किसानों का अपमान है... मैं ऐसा कभी नहीं कहूंगा।

## ईरान, कतर के विदेश मंत्रियों ने गाजा संकट के राजनीतिक समाधान पर चर्चा की

**तेहरान ,एजेंसी।** ईरान और कतर के विदेश मंत्रियों ने गाजा संकट का राजनीतिक समाधान करने के लिए अपने विचारों का आदान–प्रदान किया। यह जानकारी सिन्हुआ ने गुरुवार को दी। ईरान के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कतर की राजधानी दोहा में वार्ता के दौरान, ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर–अब्दुल्लाहियन और उनके कतर के समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने द्विपक्षीय संबंधों और सामान्य हितों के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलिस्तीन का मुद्दा और गाजा का विकास पिछले दो महीनों में दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से उठाए गए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

# सभापति की मिमिक्री: डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों का निलंबन जनता के विश्वास पर आघात

**लखनऊ , एजेंसी।** राज्यसभा सभापति की मिमक्री को अशोभनीय बताते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 150 विपक्षी सांसदों का निलंबन लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाली घटना है। सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के रिकार्ड संख्या में लगभग 150 विपक्षी सांसदों का निलंबन होना सरकार व विपक्ष के लिए भी कोई गुडवर्क व अच्छा कीर्तिमान नहीं है।

इसके लिए कसूरवार चाहे कोई भी हो, लेकिन संसदीय इतिहास के लिए यह घटना अति दुःखद, दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाला है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान राज्यसभा सभापति का संसद परिसर में निलंबित सांसदों द्वारा मज़ाक (मिमिक्री) उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित व अशोभनीय है। साथ ही विपक्ष–विहीन संसद में देश व आमजन के हित से जुड़े अति–महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना भी यह अच्छी परम्परा नहीं है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि संसद की सुरक्षा में अभी हाल में जो सेंध लगाई गई है। यह ठीक नहीं है, बल्कि यह अति–गंभीर एवं चिंतनीय घटना है।

मामले में सभी को मिलकर संसद की सुरक्षा की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए, एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाना ठीक नहीं है। विपक्ष के गठबंधन में बसपा समेत अन्य जो पार्टियां शामिल नहीं हैं, उनके बारे में किसी को भी बेफिजूल कोई भी टीका–टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि भविष्य में देश व जनहित में कब किसको, किसी की भी जरूरत पड़ जाए, यह कुछ भी कहा नहीं जा सकता है और तब उन्हें शर्मिंदगी न उठानी पड़े। इस मामले में खासकर समाजवादी पार्टी इस बात का जीता–जागता उदाहरण भी है। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का जो अगले महीने उद्घाटन होने के लिए जा रहा है, तो उसका हमारी पार्टी को कोई भी एतराज नहीं है। और यहां अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारा निर्धारित की गई जमीन पर जब भी मस्जिद का निर्माण होता है, तब उसके उद्घाटन का भी हमारी पार्टी कोई एतराज नहीं करेगी।

## सम्पादकीय

# संसद की प्रक्रियाओं का आदर

विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले। सर्वसत्तावादी सरकारों पर लगाम सिर्फ जनता के बीच रहते हुए और उसे संगठित करते हुए ही लगाई जा सकती है। मगर विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं दिखता। अब यह लगभग दस साल का अनुभव है कि वर्तमान भाजपा सरकार संसदीय जवाबदेही को नहीं मानती। ना ही संसद की प्रक्रियाओं का आदर करती है। जिस थोक भाव में सांसदों का निलंबन अब हुआ है, उससे यह बात पुष्ट हुई है कि गुजरते वक्त के साथ सत्ता पक्ष का यह रुख और कठोर होता जा रहा है। सोमवार तक कुल 92 सांसदों को निलंबित किया जा चुका था। राज्यसभा के निलंबित हुए 46 सदस्यों में से 35 को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया है। बाकी 11 सांसदों को उनके व्यवहार पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। उधर लोकसभा में निलंबित 46 सांसदों में से तीन सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बाकी पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किए गए हैं। आखिर इन सांसदों का दोष क्या था? वे 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मसले पर गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहे थे। क्या यह मांग इतनी बड़ी थी, जिसको लेकर इतना बड़ा विवाद खड़ा होता? मगर ऐसा हुआ है, तो उसके निष्कर्ष स्पष्ट हैं। सरकार ने बता दिया है कि वह विपक्ष और विरोध को स्वीकार नहीं करती। तो अब प्रश्न विपक्ष के सामने है कि वह क्या करेगा? लोकतंत्र की हत्या हुई, जैसे जैसे बयान अब कोई प्रभाव पैदा नहीं करते। गौरतलब है कि सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि एक बार फिर मोदी सरकार ने संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने ये अंदेशा भी जताया कि विपक्ष की गैर–हाजिरी में सरकार कुछ महत्त्वपूर्ण बिल पास करा लेगी। ये बात भी बहुत दमदार नहीं है, क्योंकि सरकार विपक्ष की मौजूदगी में भी मनमाफिक ढंग से विधेयक पास कराती रही है। ऐसे में विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले। सर्वसत्तावादी सरकारों पर लगाम सिर्फ जनता के बीच रहते हुए और उसे संगठित करते हुए ही लगाई जा सकती है। मगर विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं दिखता। इसलिए वह अपनी जगह खोता चला गया है।

# नेतन्याहू फंस गए चक्रव्यूह में!

**श्रुति व्यास**

बेंजामिन नेतन्याहू को देश और विदेश दोनों में कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध शुरू हुए 70 दिन बीत चुके हैं, मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है, इजराइल से अगवा किए गए बहुत से लोग अभी भी गाजा में बंधक हैं लेकिन इजराइल के प्रमुख पश्चिमी मित्र राष्ट्र समर्थन देते–देते थक गए है। इनकी आलोचना तीखी होती जा रही है।और विकल्प की तलाश भी हो रही है।

कुछ दिन पहले इजरायली सैनिकों द्वारा बंधकों को मुक्त कराने की बजाए उन्हें मार डालने की घटना से उन लोगों को बल मिला है जिनका तर्क है कि सैन्य अभियान, जिसमें बमबारी और सडक़ों पर आमने–सामने की लड़ाई शामिल है, से उन लोगों के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है जो अभी भी अपहरणकर्ताओं के कब्जे में हैं। कुल मिलाकर इजराइल की बदनामी है और हमास की सैन्य ताकत को नष्ट करने का मुख्य लक्ष्य बहुत दूर नजर आता है। गाजा में हमास के प्रमुख याह्या सिनवर और मोहम्मद डिएफ व मरवान इस्सा, जो उसके सैन्य बल के कमांडर हैं, अब भी जिंदा हैं। इसका आंशिक कारण है हमास का सैकड़ों मील लंबी सुरंगों का नेटवर्क, जिसे इजराइल अपनी सैन्य शक्ति और ड्रोन सर्विलांस क्षमताओं के बावजूद तहस–नहस करने में असफल रहा है।

उधर नेतन्याहू की सत्ता पर पकड़ कमजोर हुई है। लेकिन उनका रवैया जस का तस है।वे इजरायली सेना से अपना अभियान तेज करने को कह रहे हैं। इन्होंने आईडीएफ की एक पूरी एयरबोर्न डिवीजन दक्षिणी शहर खान युनुस के अंदर और उसके आसपास तैनात कर दी है, जहां उनके अनुमान के अनुसार हमास के वरिष्ठ नेता छिपे हुए हैं। तीन बख्तरबंद डिवीजनें अभी भी तहस–नहस हो चुके गाजा शहर में सक्रिय हैं। शहर के शुजाहिया और जबालिया इलाकों में भीषण लड़ाई जारी है। आईडीएफ उन सुरंगों को नष्ट कर रहा है, जिनमें हमास के लड़ाके शरण लेते हैं और शहर के अंदर व उसके बाहरी क्षेत्र की सैन्य व नागरिक अधोसंरचना को भी। आईडीएफ ने गाजा शहर के पेलिस्टाइन स्क्वेयर में इजरायली झंडा फहराया और कई ऐसे स्थानों पर हनुक्का मोमबत्तियां जलाईं है जहां लड़ाई हुई थी। लेकिन अभी भी बात बनी नहीं है। वह जीत अब तक हासिल नहीं हो सकी है, जिसकी मांग इजरायली नागरिक अपने नेताओं से कर रहे हैं।चार बंधकों की मौत के कारण इजरायइल की सरकार पर शेष बंधकों की रिहाई के लिए नए सिरे से बातचीत करने का दबाव बढ़ा है। बंधकों के परिवारजनों के प्रदर्शन बढ़ रहे है और यह माना जा रहा है कि बंधकों की सही–सलामत रिहाई के सम्भावना कम होती जा रही है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि बंधकों में से अधिकांश की या तो मौत हो चुकी है या उनकी हत्या कर दी गई है। वाकई उनके लिए समय बीतता जा रहा है। नागरिकों की बढ़ती मौतों से इजरायली आक्रमण के प्रति अंतर्राष्ट्रीय समर्थन पहले से ही घट चुका है। और अब अमरीका, जिसका समर्थन इजराइल के लिए अपरिहार्य है, का रवैया भी ढुलमुल हो रहा है।

ऐसी कई खबरें हैं कि अपनी हालिया यात्रा के दौरान अमरीकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने इजरायलियों से कहा कि उन्हें इस साल के अंत तक अपनी कार्यवाही पूर्ण करनी होगी। इस बीच अमरीकी प्रशासन यह मांग भी कर रहा है कि इजराइल, फिलिस्तीनियों की तकलीफें दूर करने की दिशा में और अधिक कार्य करे, विशेषकर दक्षिणी गाजा में।

# कांग्रेस हमेशा गलत क्यों?

**हरिशंकर व्यास**



उत्तर भारत में बुरी हार के बावजूद राहुल गांधी से लेकर कमलनाथ, भूपेश बघेल, अशोक गहलोत आदि सभी अभी भी नादानी में हैं। जैसे राजस्थान को लेकर यह सोचना कि भाजपा ने सांप्रदायिक राजनीति की, राहुल गांधी–प्रियंका ने मेहनत कम की तो हार गए। कांग्रेस को ध्यान ही नहीं कि भाजपा गलत उम्मीदवारों, ज्यादा कलह, अपने बागियों की अधिकता के बावजूद बहुमत से जीती है। कांग्रेस न चुनाव लड़ते वक्त सही थी और न हारने के बाद ईमानदारी से विश्लेषण करते हुए है। तीनों राज्यों में कांग्रेस ने रेवड़ियों का खोमचा लगा कर चुनाव लड़ा। राहुल गांधी का अखिल भारतीय स्तर पर ओबीसी वोटों को रिझाने का खोमचा था। मतलब कांग्रेस है ओबीसी हितरक्षक! हम जात जनगणना कराएंगे। और राहुल गांधी का ऐसा हल्ला किसके आगे था? जन्मजात ओबीसी और बतौर पिछड़े प्रधानमंत्री के चेहरा बनाए ओबीसी के घर–घर पहुंचे हुए नरेंद्र मोदी के आगे!

तभी सोचें, राहुल गांधी और उनके सलाहकारों की मूर्खता पर! कश्मीरी पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी की विरासत संभाले ब्राह्मण राहुल गांधी के ओबीसी खोमचे पर। जिस नेहरू–गांधी परिवार ने दशकों राज किया। ब्राह्मण–फॉरवर्ड, दलित, आदिवासी और मुसलमान के कोई 60–65 प्रतिशत वोट बैंक से जिसने उत्तर भारत में लगातार विजय पाई उन इंदिरा गांधी का पोता यदि पिछड़ों को रिझाने के खोमचे से राजनीति करेगा तो क्या होगा? चुनाव में सूपड़ा साफ! इसलिए इन बातों का कोई अर्थ नहीं है कि हार के बावजूद तीनों प्रदेशों में कांग्रेस का वोट तो है।

भूपेश बघेल ने छतीसगढ़ में हर संभव ओबीसी राजनीति की। ओबीसी और किसान के समीकरण में चुनाव जीतने की मास्टर रणनीति बनाई। ब्राह्मण–बनियों को गैर–छतीसगढ़ी करार दे कर आदिवासियों को भी छतीसगढिय़ा ओबीसी समीकरण में समेटा। इनके अलावा मुस्लिम वोटों को भी पटाए रखा! मतलब राहुल गांधी का ओबीसी खोमचा आदर्श रूप में छतीसगढ़ का सुपर शॉपिंग मॉल बना हुआ था। यह भी जानना चाहिए कि आधुनिक तौर–तरीकों से चुनाव प्रबंधन, सर्वे, सोशल मीडिया, प्रचार और संसाधन सभी में भूपेश बघेल और उनकी टीम भाजपा से बीस थी न कि उन्नीस!

लेकिन चुनाव नतीजा क्या? वही जो रायपुर एयरपोर्ट से उतरते ही झलकता हुआ था। मैं बार–बार लिखता हूं कि उत्तर भारत में लोगों की धडक़न बामन–बनियों की चर्चाओं से बनती है। यह सत्य नेहरू–इंदिरा गांधी के वक्त था तो नरसिंह राव, वाजपेयी, मनमोहन सिंह के समय में भी रहा। और मोदी राज में भी है। गांव चौपाल हो या बिलासपुर, रायपुर में जन मानस क्या सोचता हुआ होता है? आजादी से पहले के स्वतंत्रता आंदोलन पर विचार करें। किसने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की गूंज बनाई? ब्राह्मण–बनियों ने! किसने गांधी–नेहरू की हवा बनाई? रामजी और भागवत की कथा को बांचने वाले ब्राह्मणों ने! किसकी धुरी पर यूपी में ब्राह्मण–दलित–मुसलमान का समीकरण रहा? गोविंद वल्लभ पंत, त्रिपाठी, मिश्र, तिवारी जैसों के नेतृत्व से। याद रखें कांशीराम–मायावती ने अकेले 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार' या मुलायम के संग राजनीति की तो उससे कुछ नहीं बना लेकिन शंख बजवा 'हाथी नहीं गणेश है ब्रह्मा, विष्णु, महेश है' से ब्राह्मणों को पटाया तो उत्तर प्रदेश में दलित–ब्राह्मण–मुस्लिम वोट बैंक बना और मायावती ने पूरे बहुमत से राज किया। मगर फिर ज्योंहि हिंदू राजनीति के आईकॉन के तौर पर नरेंद्र मोदी वाराणसी में पंडित मदनमोहन मालवीय का नाम ले कर चुनाव लडऩे उतरे तो घर–घर मोदी हो गया। ओबीसी भी ब्राह्मण–बनियों को साथ हर–हर करते हुए।


क्या मैं गलत हूं?

सचमुच उत्तर भारत की यह अमिट हकीकत है कि ब्राह्मण मंदिर–पूजा–पाठ आदि की धर्म पताका से सभी जातियों में रमा रहता है। अपनी सोच और चर्चा की चखचख (यह बात राष्ट्रीय नैरेटिव में भी लागू है) को सभी जातियों में पसारते हुए होता है। जबकि जाट, यादव, गुर्जर आदि जातियां अपनी बिरादरी, खाप, चौपाल विशेष में खुद के सरोकारों, आपसी चर्चाओं से बाहर प्रभाव फैलाए हुए नहीं होती हैं। ओबीसी जातियों में परस्पर ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और खुन्नस का व्यवहार होता है तो दलित व मुसलमानों से टकराव भी बना हुआ होता है। नतीजतन अपने इलाके के दायरे के ही पंच, सरपंच, विधायक को ले कर जात अनुसार भले फैसले करें लेकिन प्रदेश और देश की राजनीति में वे उसी रौ में बहते हुए होंगे, जिसका नैरेटिव ब्राह्मण–भूमिहार–बनियों की फॉरवर्ड जमात से पैदा हुआ होता है।

इस रियलिटी को कांग्रेस भूला बैठी है। सोचें, मोदी–शाह कैबिनेट में, प्रदेशों के राजनीतिक नेतृत्व में ओबीसी चेहरों, जातियों की प्रदर्शनी लगाए बैठे हैं वहीं राहुल गांधी का प्रलाप है कि भारत सरकार के सचिवों में तीन ही ओबीसी सचिव हैं। भला भाजपा जब प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री आदि के चेहरो में ओबीसी बैठाए हुए है, ब्राह्मण–बनिए उनकी वाह करते हुए हैं तो राहुल गांधी का ओबीसी खोमचा कैसे हिट हो सकता है। लोगों के गले उतर सकता है? राहुल गांधी व सभी मोदी विरोधियों का नंबर एक संकट है जो उनकी बात पर गांव–चौपाल, शहर में चर्चा कराने वाला, नैरेटिव बनवाने वाला ब्राह्मण–बनिया है ही नहीं। ध्यान रहे अब शहरों–महानगरों और राजधानियों में ही सियासी चक्रवात बनते हैं और गांव–कस्बों को चपेटे में लिए हुए होते है।

फिर वह हिंदू–मुस्लिम का बवंडर हो या भ्रष्टाचार व महंगाई या विश्व गुरू होने का। तभी जयपुर, भोपाल, रायपुर से लेकर बिलासपुर, उदयपुर, लखनऊ पटना आदि तमाम शहरों–महानगरों में मोदी का जादू है तो वहां से वह बस्तर, सरगुजा, मेवाड़, महाकौशल के इंटीरियर तक पहुंचा हुआ होता है। जाहिर है कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जदयू या राजद की नियति अब हारते रहने की है। चार महीने बाद भी लोकसभा चुनावों में 2019 व 2014 वापिस रिपीट होगा। एक तरह से विपक्ष, राहुल, अखिलेश, केजरीवाल, तेजस्वी आदि सबकी नियति गलतफहमियों और अहंकार में जीने से लगातार हारने की हो गई है।

# अब दूरसंचार पर नियंत्रण?



बेहतर यह होता कि प्रस्तावित कानून का मसविदा व्यापक राष्ट्रीय बहस और तमाम हित–धारकों के साथ विचार–विमर्श के जरिए बनाया गया होता। ऐसा ना होने की वजह से संदेह पैदा हुए हैं और भविष्य में कई विवाद खड़े होने की गुंजाइश बन गई है।

लोकसभा में पेश दूरसंचार विधेयक 2023 ने कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे दिया है। वैसे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दूरसंचार के लिए एक नए कानून जरूरत है। इसलिए सरकार ने नया कानून बनाने का फैसला किया, तो उसे उचित ही माना जाएगा। देश में दूरसंचार सेवाएं अब तक 1885 में बने टेलीग्राफ ऐक्ट से संचालित होती हैं। जबकि तब से दूरसंचार तकनीक का जमाना इतना बदल चुका है कि इस परिवर्तन के परिमाण की परिकल्पना करना भी कठिन हो सकता है। नया कानून टेलीग्राफ ऐक्ट के साथ–साथ 1933 में बने वायरलेस टेलीग्राफी ऐक्ट और 1950 में बने टेलीग्राफ वायर्स (गैर–कानूनी गतिविधि) अधिनियम की जगह लेगा। मगर बेहतर यह होता कि प्रस्तावित कानून का मसविदा व्यापक राष्ट्रीय बहस और तमाम हित–धारकों के साथ विचार–विमर्श के जरिए बनाया गया होता। ऐसा ना होने की वजह से संदेह पैदा हुए हैं और भविष्य में कई विवाद खड़े होने की गुंजाइश बन गई है। मसलन, एक विवादास्पद बिंदु सैटेलाइट स्पेक्ट्रम के आवंटन की प्रस्तावित प्रक्रिया है। टू–जी स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर हुए विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे तमाम संसाधनों की बिक्री नीलामी के जरिए करने की व्यवस्था दी थी।

अब नए कानून के जरिए इस व्यवस्था को पलटने का इरादा सरकार ने जताया है। यानी फिर से स्पेक्ट्रम सरकार आवंटित करेगी। जब स्पेक्ट्रम पाने की होड़ में अनेक कंपनियां होंगी, तब हर ऐसे आवंटन को लेकर विवाद खड़ा होने की आशंका बनी रहेगी। इसी तरह बिल में प्रावधान है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सरकार जब चाहे दूरसंचार सेवाओं को अपने हाथ में ले सकेगी। इसके अलावा चैट सेवाओं के इन्क्रिप्शन संबंधी प्रतिमान तय करने का आधिकार सरकार के पास होगा। इससे चैटिंग की निजता भंग होने का अंदेशा खड़ा हुआ है। ओटीटी सेवाओं को लेकर अभी भ्रम बना हुआ है, लेकिन संभवतः उनका विनियमन भी सरकार के हाथ में चला जाएगा। ऐसे ही प्रावधानों के कारण प्रस्तावित विधेयक को आईटी ऐक्ट के साथ जोडक़र देखा जा रहा है। बेहतर होगा कि ऐसी आशंकाओं को दूर करने की पहल सरकार करे। इसके बाद ही बिल को पारित करना उचित होगा।

# चार धाम यात्रा सिस्टम को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की जरूरत : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद में आगामी चार धाम यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें पिछले यात्रा अनुभवों और मौजूदा व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि विगत चार धाम यात्रा में देश दुनियां से रिकार्ड श्रद्वालु बद्रीनाथ और हेमकुंड धाम पहुंचे है। हर साल श्रद्वालुओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में चार धाम यात्रा सिस्टम को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाया जाना बेहद आवश्यक है। जिसके लिए अभी से तैयारी की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर आने जाने वाले क्षतिग्रस्त पैदल मार्गो का नव निर्माण किया जाए। मास्टर प्लान निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत हेतु शीघ्र प्लान तैयार करने और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए स्वच्छ पेयजल हेतु पर्याप्त संख्या में वाटर एटीएम लगाने के निर्देश जल संस्थान को दिए। विद्युत विभाग को बद्रीनाथ में विद्युत पोलों की शिफ्टिंग कार्य पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान ट्रैफिक मैनेजमेंट, नए पार्किंग स्थलों के चयन, आवास एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। आईएनआई डिजाइन से समन्वय करते हुए मंदिर के पास सीसीटीवी कक्ष तैयार किया जाए। यात्री पंजीकरण, टोकन काउंटर, इको शुल्क के लिए पाण्डुकेश्वर में व्यवस्था की जाए और गौचर में संचालित काउंटरों पर वाई-फाई, विद्युत, शौचालय व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग को बद्रीनाथ तथा हेमकुंड यात्रा मार्ग पर बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की तैनाती हेतु अभी से प्लान तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि फूलों की घाटी जाने वाले पैदल मार्ग पर सोलर से पथ प्रकाश व्यवस्था एवं नेटवर्क सुविधा के लिए प्रस्ताव तैयार करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चार धाम यात्रा मार्ग पर संचालित सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यो को यात्रा से पहले पूरा करते हुए सुगम चार धाम यात्रा संचालन के लिए एक समर्पित सिस्टम तैयार किया जाए।

# सोशल ऑडिट मामलों को गंभीरता से लें : सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किए जा रहे कन्वर्जन के विकास कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सोशल ऑडिट मामलों को गंभीरता से लेते हुए सभी अधिकारियों को इस कार्य में किसी भी तरह से कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए। जिस स्तर पर कोई लापरवाही एवं शिथिलता बरती जाए तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए यह जरूरी है कि संबंधित कार्मिक संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संचालित योजनाओं के तहत जो भी कार्य किए जा रहे हैं सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनपद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार कृषि, रेशम, लघु सिंचाई, मत्स्य, उद्यान, पंचायतीराज, चाय विकास बोर्ड, पशुपालन, सिंचाई आदि विभागों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन योजनाओं में अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किए गए हैं उन योजनाओं में सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत जिन जॉब कार्ड धारकों के आधार कार्ड फीडिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है उनकी मैपिंग करते हुए आधार फीडिंग का कार्य शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करें। इसमें किसी भी तरह से कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, मत्स्य निरीक्षक संजय बुटोला, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अगस्त्यमुनि विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 155 लोगों की जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तयमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। हेल्थ मेले में 155 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 18 ग्रामीणों को अल्ट्रासाउंड व 62 को लैब टेस्ट की सेवा प्रदान की गई।



अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रत्येक लाभार्थी तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ चल रहे आयुष्मान भवः अभियान गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हेल्थ मेले में फिजिशियन डॉ. अरविंद नौटियाल द्वारा 65, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा द्वारा 25, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनाली जोशी द्वारा 28, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ख्याती मेंहदीरत्ता द्वारा 18, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक शर्मा द्वारा 15 व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि अग्रवाल द्वारा 04 लोगों की जांच की गई। वहीं, सोनोलॉजिस्ट डॉ. राजीव चैधरी द्वारा 18 का अल्ट्रासाउंड किया गया, जबकि 62 का लैब टेस्ट किया गया। साथ ही 05 लोगों की आभा आईडी व 07 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मेले में पहुंचे अधिकांश लोगों द्वारा आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाया गया था।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित पंपलेट वितरित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## पाडुली में 35 साल बाद पांडव लीला

चमोली : कर्णप्रयाग ब्लाक के पाडुली गांव में 35 वर्षों बाद पांडव लीला का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की। लंबे समय पर आयोजित हो रही पांडव लीला से गांव के लोगों में उत्साह बना है। आयोजन समिति के संचालक राकेश राणा और अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि पाडुली ग्राम सभा में 35 वर्षों बाद ग्रामीणों एकजुट होकर सहमति बनाई और पांडव नृत्य का आयोजन किया। जिसमें प्रति दिन विभिन्न गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। धियांणियों व प्रवासियों के पाडुली गांव की ओर रुख करने से पड़ोसी गांव खरसांई, सिदोली, काण्डई के चौपालों में भी रौनक लौटनी लगी है।


**उत्तर रेलवे**

**कोरिजेंडम**

विषय : निविदा सूचना संख्या 14-GSU-MB-2023-24 के संबंध में।
14.12.2023 को आयोजित प्री बीड कॉन्फ्रेंस के संबंध में प्री बिड कॉन्फ्रेंस के मिनट्स Ireps पर अपलोड कर दिए गए हैं। संशोधित REP of PSSA को फाइल नाम "PSSACPMSir28novwithoutcomments1912pdf.pdf" के साथ अपलोड किया गया है। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3988/23


## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

चमोली : जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य स्टेशन पर मोबाइल की दुकान का शटर तोड़ कर मोबाइल चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी किए गए मोबाइल भी उससे बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया 17 दिसंबर को सुशील सिंह ने बस स्टैंड गोपेश्वर स्थित अपनी दुकान से 16 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुछ मोबाइल चोरी करने के संबंध में थाना गोपेश्वर पर तहरीर दी। मामला संज्ञान आते ही मुकदमा पंजीकृत किया गया सूचना पर गंभीरता से संज्ञान लेते घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए। पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक गोपेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

# राज राजेश्वरी की रूप छड़ी कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

रुद्रप्रयाग : ऊखीमठ ब्लाक के कंडारा में राजराजेश्वरी की रूप छड़ी एवं जल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत पुराण कथा का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर 51 भक्तों ने जल कलश यात्रा में प्रतिभाग कर पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए भक्तजन पहुंचे थे। कंडारा में आयोजित श्रीमद भागवत पुराण कथा में प्रथम दिन ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजा, पंचाग पूजा, व्यास पूजा समेत नित्य पूजाएं संपन्न की। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने 51 जल कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही मां राजराजेश्वरी के मन्दिर से रूप चढ़ी एवं श्रीमद भागवत महापुराण सिर पर लिए गए भैरव मन्दिर होते हुए शिव महादेव मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंचे। जहां भक्तों के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा वाचक आचार्य शिव प्रसाद मंमगाई ने कहा की भागवत वह ग्रन्थ है, जो लोक परलोक को सुधारने वाला कालजयी दर्पण है। दर्पण का सम्बन्ध वर्तमान से होता है, हर अवस्था के वर्तमान को सुधारने वाला श्रीमद भागवत की जन्म भूमि उत्तराखंड का बद्रीधाम है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भक्ति ज्ञान बैराग्य का प्रसंग आपने अज्ञान अहंकार को दूर करने वाले एक ज्ञान रूपी प्रकाश है। भक्ति का मतलब मूल भगवान से सम्बन्ध जोड़ना है ज्ञान का मतलब कर्तव्य बोध के जन कल्याण एवं वैराग्य का मतलब शरीर में कष्ट सहन करते हुए जन कल्याण का कार्य करना है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी सूचना**

सहायक मंडल अभियंता/**चंदौसी** के अधीन राजघाट यार्ड में (किमी०– 118/13 में 118/15 तक) के सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन हेतु मेंड हम्प बनाने में कुल 08 नग पेड़ों की नीलामी सहायक मंडल अभियंता/चंदौसी के कार्यालय में की जायेगी नीलामी के इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित करता है कि वे नीलामी में भाग लें। नीलामी स्थान – सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे **चंदौसी** के अधीन दिनांक **30.12.2023** को समय प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जायेगी। **1.** प्रत्येक क्रेता को नीलामी के दिन सहायक मंडल अभियता/चंदौसी के कार्यालय में रुपये 100/– केवल नकद जमा करने होंगे जो वापस नहीं किए जाएंगे तथा भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में रुपये 8000/– के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। **2.** प्रत्येक क्रेता को जो नीलामी में भाग ले रहा है उसे नीलामी के द्वारा बिक्री से सम्बन्धित नियमों एवं भत्तों की जानकारी रखनी होगी। **3.** सफल खरीददार को उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक मुरादाबाद के पक्ष में **निम्नलिखित दर से डिमाण्ड ड्राफ्ट नगद स्टेशन अर्निंग में जमा करना होगा। क**–रू0 1,00,000/– से अधिक की खरीद पर विक्री मूल्य का 10 प्रतिशत एवं कम से कम रु0 25,000/– **(जो भी अधिकतम हो ) ख** – नीलामी की कीमत का बाकी पैसा 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** ग– जी.एस.टी @ 18% कुल कीमत पर देय होगा जो कि 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर) 4.** पैसे जमा करने की दिनाक से 60 दिन के अन्दर कार्य सम्पूर्ण करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर) 5.** रेलवे को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय कार्य को बन्द कर सकती है। ऐसी परिस्थिति में बची हुयी राशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी। **6.** पेड़ो का सम्पूर्ण विवरण लोकेशन सहित मण्डल कार्यालय मुरादाबाद में उपलब्ध रहेगा। **7** खरीददार पेड़ो की लोकेशन को ध्यान में रखते हुए रेट बोलें। **8.** माल की सूपूर्दगी एवं डिलीवरी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य, आर०पी०एफ० एवं आई०एस०ए० की उपस्थिति में की जाएगी। **9.** बाकि रकम 10 दिन के अन्दर जमा करनी होगी **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** अन्यथा पहली रकम जो जमा की गई है वो जब्त हो जाएगी। **10.** खरीददार रेलवे की जमीन पर कोई कच्ची या पक्की छोपड़ी इत्यादि नहीं बना सकता। **11.** बोली बेस प्राइस से नीचे नहीं लगायी जाएगी। **12.** डिमाण्ड ड्राफ्ट सहायक मंडल अभियता/उत्तर रेलवे चंदौसी में नीलामी के दिन प्रात 9:00 बजे से 10:30 तक जमा किए जाऐंगे बाद में कोई डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3995/23


# सड़क कटान के चार साल बाद भी नहीं मिला मुआवजा, काश्तकारों में रोष

टिहरी : जनपद के ब्लाक भिलंगना के ग्राम मोलनों के दर्जनों ग्रामीणों ने एडीएम केके मिश्र से मुलाकात कर सड़क कटान के चार साल बाद भी प्रांतीय खंड लोनिवि बौराड़ी द्वारा काश्तकारों का मुआवजा न देने पर रोष जाहिर करते हुए कार्यवाही मांग की। जिस पर एडीएम ने लोनिवि ईई को मामले में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। मोलनों के दर्जनों ग्रामीणों ने एडीएक केके मिश्र को पत्र सौंपते हुए बताया कि प्रांतीय खंड लोनिवि बौराड़ी ने वर्ष 2019 में कोटी फैगुल बैंड से अनु जाति बस्ती मोलनों पौखाल तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य शुरू किया था। जिससे ग्राम मोलनों के काश्तकारों की कृषि भूमि मोटर मार्ग के लिए काटी गई। काश्कारों की कृषि भूमि के दबान व भवनों को हुए नुकसान का आज तक लोनिवि बौराड़ी ने चार साल बाद भी भुगतान नहीं किया है। इसलिए मोलनों के काश्तकारों का लोनिवि से तत्काल मुआवजा दिलाया जाय। जिस पर एडीएम केके मिश्र ने ईई लोनिवि को मामले में प्रभावी कार्यवाही कर मुआवजा ग्रामीणों को देने के निर्देश दिए हैं।

## पालिका ने चलाया सफाई अभियान

चमोली : उच्च हिमालय के लिए खतरनाक कहे जाने वाले प्लास्टिक कूड़े की जद में दुनिया का खुबसूरत हिल स्टेशन औली भी आ गया है। औली में लगतार प्लास्टिक कूड़े की मात्रा बढ़ने लगी है। अब पालिका ने क्रिसमस और न्यू ईयर को देखते हुए औली बुग्याल में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। सफाई सुपरवाइजर अनिल कुमार ने बताया कि गुरुवार से औली में पालिका ने सफाई अभियान शुरू कर दिया है व पहले दिन लगभग 3 कुंतल प्लास्टिक कूड़ा एकत्रित कर उसे जोशीमठ में पालिका के रिसाइकिलिंग प्लांट में लाया गया। कहा कि पहले दिन जीएमवीएन के निकट, स्कीइंग स्लोप, आठ नंबर व कृतिम झील के निकट पालिका ने अपने 8 सफाई कर्मियों की मदद से सफाई कार्य किया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 250-DRM-MB-23-24 Dt. 19.12.2023 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 50000 cum machine crushed stone bllast of 65 mm gauge size as per Railway specification including loading of ballast in to Rly. Wagons / hoppers at Khurja City depot under Sr.DEN/C/MB. |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक : 16.01.2024 | टेंडर क्लोसिंग समय : 16:00 |
| अनुमानित लागत : 6,60,48,500.00 | धरोहर राशि : 4,80,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि : 8 माह | बिडिंग आरंभ तिथि : 02.01.2024 |

टेंडर न. Sr. DEN-C/Publication/23 दिनांक –...12.2023 3997/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बैक–टू–बैक टेस्ट खेलना भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है : एलिसा हीली

मुंबई , जैसे ही वे भारत में 40 वर्षों में पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हो रहे थे, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को घर से एक विशेष फोन आया, जिसमें उन्हें अंतिम पड़ाव पर पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

ऑस्ट्रेलिया गुरुवार से वानखेड़े स्टेडियम में देश के बहु–प्रारूप दौरे के हिस्से के रूप में एकमात्र टेस्ट खेलेगा। 1984 के बाद से यह भारत में उनका पहला टेस्ट मैच है जब उन्होंने चार तीन दिवसीय 'टेस्ट' मैचों के लिए दौरा किया था, जिनमें से सभी ड्रा रहे थे।

एलिसा हीली , जो मेग लैनिंग की जगह टीम की कप्तानी संभाल रही हैं, ने कहा, हां, यह वास्तव में रोमांचक है। जिल केनारे यहां टेस्ट मैच खेलने वाली आखिरी ऑस्ट्रेलियाई कप्तान थीं। और, मैंने वास्तव में पिछले कुछ दिनों में उनसे हमें शुभकामनाएं देते हुए सुना है। लेकिन, यह कितना अद्भुत अनुभव है आओ और यहां टेस्ट क्रिकेट खेलो। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम इसे हासिल कर पाएंगे,

हीली ने कहा कि आगामी टेस्ट भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छी बात होगी।



हीली ने कहा, विशेष रूप से भारतीय टीम को बैक–टू–बैक टेस्ट मैच खेलने का अवसर मिला है, मुझे लगता है कि यह हमारे खेल के लिए और जाहिर तौर पर यहां भारत में क्रिकेट के लिए बहुत अच्छी बात है। इसलिए उम्मीद है कि यह दोनों टीमों के लिए एक सुखद अनुभव होगा और मुझे यकीन है कि यह है कड़ी लड़ाई होने वाली है।

ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान एलिसा हीली के लिए भारत एक सुखद शिकार स्थल रहा है, जिन्होंने सफेद गेंद में अपना पहला शतक बनाया और यहां पहली बार किसी टीम की कप्तानी भी की। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें भारत आना, ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भाग लेना पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप इसे ऐसे कहते हैं, तो यह वास्तव में एक अच्छा अनुभव है। हम वास्तव में भारत में क्रिकेट खेलने के लिए आना पसंद करते हैं, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया के लिए हो या डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी के लिए, इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे लगता है कि ऐसा लगता है यहां का समर्थन और जिस तरह से वे खेल को पसंद करते हैं उसका कट्टर स्वभाव, इसका हिस्सा बनना वास्तव में सुखद है। और मुझे लगता है कि उस परिप्रेक्ष्य से, हाँ, शायद यहां वापस आना और बागडोर संभालना इसे और भी खास बना देता है।

उन्होंने कहा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि एक टेस्ट मैच खेलने और वहां जाकर सबसे लंबे प्रारूप में अपने कौशल का परीक्षण करने का अवसर, मुझे लगता है कि यह वास्तव में हर किसी के लिए एक सुखद अनुभव होगा।हालांकि, हीली ने कहा कि यह उनकी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी क्योंकि वे इन परिस्थितियों में बहु–दिवसीय प्रारूप क्रिकेट खेलने के आदी नहीं हैं, जो उनके लिए अलग है, भले ही वह सिडनी से आ रही हैं जहां तापमान वर्तमान में 35 डिग्री के आसपास चल रहा है।हीली ने कहा, यह हमारे लिए एक नया अनुभव है। और हमने इसे खुले दिमाग से लिया है। और बस वहां जाकर सबसे पहले खुद का आनंद लेना है और जो भी परिस्थितियां हमारे सामने आती हैं उसका आनंद लेना है।

## पाकिस्तान को लगा झटका, शहजाद ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

मेलबर्न ,शान मसूद की अगुवाई में पहले टेस्ट मैच में अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले पाकिस्तान के खुर्रम शहजाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान टीम के लिए यह एक बड़ा झटका है। यह गेंदबाज शानदार फॉर्म में था।

डेब्यू मैच में तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद चोटिल हो गए। उन्हें दर्द की शिकायत हुई जिसके बाद उन्हें एमआर आई स्कैन के लिए ले जाया गया है। खुर्रम के चोटिल होने की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शेयर की है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान में कहा, पसली में स्ट्रेस फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण खुर्रम शहजाद को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जांच के बाद वो लाहौर में एनसीए लौट आएंगे, जहां वह पूरी तरह फिट होने तक रिहैब में रहेंगे।शहजाद ने पहले टेस्ट के दौरान दोनों पारियों में स्टीव स्मिथ के बड़े विकेट लिए, जबकि शानदार शुरुआत करते हुए कुल मिलाकर पांच विकेट लिए। उनकी कमी टीम खलेगी क्योंकि पाकिस्तान मेलबर्न और सिडनी में शेष दो टेस्ट मैचों में वापसी करना चाहेगी।बैकअप तेज गेंदबा हसन अली और मोहम्मद वसीम जूनियर सबसे संभावित प्रतिस्थापन के रूप में सामने आ रहे हैं, क्योंकि वो टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं।

# चिराग, रंकीरेड्डी को मिलेगा ध्यानचंद खेल रत्न; शमी को अर्जुन पुरस्कार



नई दिल्ली ,खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा की। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 भारतीय शटलर चिराग चंद्रशेखर शेट्टी और रंकीरेड्डी सात्विक साई राज को बैडमिंटन में उनके योगदान के लिए दिया जाएगा।

अन्य 26 खिलाड़ियों को खेल और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2023 में अर्जुन पुरस्कार मिलेगा। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी टीम इंडिया के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा।

पुरस्कार विजेताओं को 9 जनवरी, 2024 को राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति प्रदान करेंगे।

खेलों में उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए हर साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं।

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि में खेल के क्षेत्र में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन की भावना के गुण दिखाने के लिए दिया जाता है।खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार लगातार उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षकों को दिया जाता है।खेलों और खेलों में आजीवन उपलब्धि के लिए ध्यानचंद पुरस्कार उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेलों में योगदान दिया है और जो अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी खेल आयोजन को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखते हैं।

# पीबीकेएस ने गलती से अनकैप्ड शशांक सिंह को खरीद लिया, नीलामीकर्ता ने उलटफेर से इन्कार किया

नई दिल्ली , पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी के दौरान 'गलत खिलाड़ी' खरीदकर एक बड़ी गलती की। जब तक उन्हें गलती का एहसास हुआ तब तक बोली पूरी हो चुकी थी और नीलामीकर्ता ने बोली उलटने से इनकार कर दिया।इस अराजकता का केंद्र बिंदु अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी शशांक सिंह थे, जिन्हें पीबीकेएस ने मंगलवार को दुबई में 2024 आईपीएल नीलामी के दौरान खिलाड़ी के नाम में गड़बड़ी के बाद गलती से 20 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीद लिया था।त्वरित दौर के दौरान, नीलामीकर्ता मल्लिका सागर ने 32 वर्षीय शशांक के नाम की घोषणा की, जो घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अनकैप्ड बैटिंग ऑलराउंडर, जो सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा रिलीज किए जाने के बाद पिछले साल की नीलामी में अनसोल्ड रहे, उन्हें 2024 आईपीएल के लिए एक टीम मिल गई, पंजाब किंग्स अनकैप्ड ऑलराउंडर के लिए एकमात्र बोली लगाने वाले के रूप में उभरी।

शशांक का नाम सामने आने पर पीबीकेएस की सह–मालिक जिंटा ने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त चर्चा के बाद मामला उठाया। नीलामीकर्ता मल्लिका सागर ने नियमित प्रक्रिया का पालन किया और अपने हथौड़े से शशांक की फ्रेंचाइजी को बिक्री पर मुहर लगा दी।



जब नीलामीकर्ता मल्लिका खिलाड़ियों के अगले सेट की ओर बढ़ी, जिसमें पहला नाम तनय त्यागराजन का था, तो पीबीकेएस को अपनी गलती का एहसास हुआ और मालिकों नेस वाडिया और जिंटा ने उन्हें सूचित किया कि उन्होंने गलती से शशांक को कोई अन्य खिलाड़ी समझ लिया है।

ओह! आप खिलाड़ी को नहीं चाहते? मल्लिका ने पूछा। हम शशांक सिंह के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन हथौड़ा नीचे आ गया है। खिलाड़ी नंबर 236 और 237 दोनों आपके पास गए, मुझे लगता है ।

वाडिया और जिंटा उसे नीलामी में फिर से शामिल करने के लिए उत्सुक थे,

# स्टार्क से हमारे घरेलू गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी : गौतम गंभीर

नई दिल्ली , कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदने से टीम को महत्वपूर्ण सीख देने में भी काफी मदद मिलेगी।

नीलामी में दो घंटे से भी कम समय में अपने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से टैग लेकर स्टार्क आईपीएल के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, क्योंकि कोलकाता ने नीलामी में अपने पर्स का 75प्रतिशत से अधिक खर्च स्टार्क पर किया।

स्टार्क ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए 2014 और 2015 में आईपीएल के केवल दो सीजन् खेले हैं और 2018 में केकेआर के लिए खेलने वाले थे, लेकिन पैर की चोट के कारण बाहर हो गए। वह एक एक्स–फैक्टर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। कोई ऐसा व्यक्ति जो नई गेंद से गेंदबाजी कर सकता है, डेथ ओवरों



में गेंदबाजी कर सकता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो आक्रमण का नेतृत्व कर सकता है।

गंभीर ने जियो सिनेमा से कहा, वह हमारे दो घरेलू गेंदबाजों के लिए बहुत मददगार साबित होने वाला है, क्योंकि वे दोनों बहुत प्रतिभाशाली हैं। आपको बीच में उनकी मदद करने के लिए किसी की जरूरत है और स्टार्क यह काम कर सकते हैं। यह न केवल उनकी गेंदबाजी के बारे में है, बल्कि आक्रमण का नेतृत्व करने और अपने आसपास के सभी लोगों की मदद करने के बारे में भी है। इसलिए, किसी को इसके लिए भुगतान करना होगा।

नीलामी में केकेआर ने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को भी चुना। उन्होंने कहा, हमारी गेंदबाजी लाइन–अप में काफी गहराई है। हम हमेशा एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण चाहते थे और अब हमारे पास मुजीब उर रहमान, गस एटकिंसन, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती, और मिचेल स्टार्क के साथ दो भारतीय तेज गेंदबाज और चेतन सकारिया के विकल्प हैं।अक्टूबर में केकेआर ने घोषणा की कि आईपीएल 2022 और 2023 सीजन् के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ समान भूमिका में रहने के बाद गंभीर टीम में मेंटर के रूप में वापस आ गए हैं। जब केकेआर ने 2012 और 2014 में आईपीएल खिताब जीता था तब गंभीर कप्तान थे, जबकि वह 2011 से 2017 तक वहां थे।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338